

## दीयों से बनाई श्रीराम की आकृति, ढाई लाख दीप की रोशनी से जगमगा उठी संस्कारधानी

**राजनांदगांव।** प्रभु श्रीराम की मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा होने के अवसर पर शहर के दिग्विजय स्टेडियम में ढाई लाख दीये प्रज्जवलित किए गए। इन दीयों से प्रभु श्रीराम की आकृति बनाई गई थी। इसके साथ ही पूरे मैदान में दीये प्रज्जवलित किए गए। एक साथ लाखों की संख्या में दीप प्रज्जवलन को देखने हजारों शहरवासी पहुंचे थे। अयोध्या के राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन का उत्साह मनाने के लिए शहर में पिछले तीन दिन दिनों से संस्कारधानी सनातनी धर्म सेवा परिवार द्वारा अलग-अलग स्थान में दीप प्रज्जवलन कर रही है। इसी क्रम में तीसरे और अंतिम दिन दिग्विजय स्टेडियम में एक साथ ढाई लाख दीप प्रज्जवलित किए गए। आयोजन समिति के संरक्षक सुरेश एच. लाल और अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने तीन दिवसीय आयोजन में शहरवासियों से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

### तीन दिन में जमाए दीये

बताया गया कि स्टेडियम में इतनी बढ़ी संख्या में दीये सजाने के लिए समिति को करीबन तीन दिन का समय लगा। सौ से अधिक समिति के सदस्यों ने मिलकर तीन एकड़ के स्टेडियम परिसर में इन दीयों का जमाया था। वहीं आयोजन दिवस के दिन करीब 20 मिनट में डेढ़ सौ लोगों ने मिलकर इन दीयों को एक साथ प्रज्जवलित किया।

### पांच लाख दीप प्रज्जवलित

प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बनाने के लिए श्री सनातन धर्म समिति द्वारा शहर में तीन दिन के भीतर पांच लाख दीप प्रज्जवलित किए गए। पहले दिन मानव मंदिर से जयस्तंभ चौक, दूसरे दिन गंज लाइन से भारत माता चौक और तीसरे दिन दिग्विजय स्टेडियम में आयोजन किया गया।

# मंदिरों में गूंजे राम पाठ, शाम को मनी दिवाली

## प्रभु श्रीराम के स्वागत में घर-आंगन सजे, आतिशबाजी से रंगीन हुआ आसमां

*“अयोध्या में भगवान श्रीराम लला के मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही अंचल में राम भक्ति का माहौल रहा। घर-मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ ही लोगों ने इस महापर्व पर भंडारा महाप्रसादी का वितरण किया। शाम होते ही आंगन में रंगोली सजाकर व दीप जलाकर देव दिवाली मनाई गई। देर शाम तक श्रीराम भक्त भजन-कीर्तन में जुटे रहे।*


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


अयोध्या श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम लला की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के ऐतिहासिक पल को लोगों ने जहां अपने-अपने घरों में टीवी प्रसारण के माध्यम से देखा। वहीं मंदिर परिसर में लगाए गए एलईडी से प्रसारण देख भाव विभोर होते रहे। आलम यह रहा कि लोग सुबह से ही आज टेलीविजन के सामने बैठकर अयोध्या के पूरे आयोजन को देखने लालायित रहे।

आज के ऐतिहासिक दिन में ग्रामीण इलाकों में भी कलशयात्रा, शोभायात्रा, पूजा-अर्चना सहित कई धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला सुबह से देर शाम तक बनी रही। दिनभर बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोग महापर्व को श्रद्धा भक्ति के साथ मनाते देखे गए। भगवान श्रीराम के जयकारा करते रामदूत लोगों को महाप्रसादी वितरण किया। वहीं भक्त प्रसादी का आनंद उठाते रहे। शहर में सामान्य दिनों की अपेक्षा आज अधिक चहल-पहल रही।

महापर्व पर बाजार में दीये, ध्वज पताका व पूजा सामग्रियों की मांग रही। आलम यह रहा कि दूध, खोवा की व्यवस्था के लिए लोगों को हलाकान होना पड़ गया। ध्वज पताका की दुकानों में विगत सप्ताहभर से जमकर खरीदी की जा रही थी। आज भी सुबह से शाम तक लोग ध्वज पताका लेने जुटे रहे। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में भी श्रीराम भक्ति का वातावरण रहा। देर रात तक धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति की जाती रही।










- शहर में जगह-जगह दिखा दीपोत्सव, घरों के बाहर बनी मनमोहक रंगोलियां
- देर शाम जमकर फूटे पटाके, सुबह बड़ी स्क्रीन पर देखा प्राण-प्रतिष्ठा
- हर वार्ड में राम भजन की गूंजी धुन, दिनभर भक्तिमय रहा वातावरण
- दिनभर भंडारा महाप्रसादी, भजन-कीर्तन का माहौल

### घर-आंगन में सजी रंगोली

दोपहर बाद मंदिर परिसर से लेकर घर के आंगन की साफ-सफाई कर महिलाएं एवं युवतियां रंगोली बनाने जुटी रही। देव दिवाली के लिए एक से बढ़कर एक रंगोली सजाई गई थी। सड़क से लेकर चौक-चौराहों में भी रंगोली सजाकर दिवाली महापर्व मनाया गया। इस मौके पर कई लोगों ने पटाके फोड़कर एवं आतिशबाजी कर भी भगवान श्रीराम लला मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा होने पर हर्ष व्यक्त किया। आलम यह रहा कि कई उत्साही युवाओं ने कार एवं बाइक रैली अलग-अलग टुकडियों में निकालकर भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते रहे।

### जगमगाए दीप

इधर शाम होते ही घर-आंगन व मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किए गए। शहर के ब्राम्हणपारा में सड़कों पर भी बड़ी संख्या में दीप प्रज्जवित किए गए। दीप मलिकाओं से पूरा शहर जगमगा उठा। शहर के स्टेडियम में ऐतिहासिक रूप से लाखों की संख्या में दीप प्रज्जवलित किए गए, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्त उमड़कर अपनी भावनाएं प्रगट करते रहे। घर-प्रतिष्ठान सहित अन्य संस्थाओं के भवनों में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। महावीर चौक में इस मौके पर लेजर-शो का भी आयोजन किया गया।



### प्राण-प्रतिष्ठा पर हर्ष यात्रा

इस मौके पर बाजे-गाजे के साथ गंज लाइन बालाजी मंदिर में हर्ष यात्रा निकाली गई। जिसमें अयोध्या में निर्मित श्रीराम मंदिर का मॉडल की झांकी रखी गई थी। डीजे, बैड-बाजे के साथ निकली इस भव्य जुलूस में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ यह हर्ष यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस गंज लाइन बालाजी मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। हर्ष यात्रा में ध्वज पताका लिए बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोग शामिल हुए, जो भक्ति धुन पर थिरकते रहे।

### सीधा प्रसारण देखकर हुए भाव-विभोर

शहर के प्रमुख मंदिरों में एलईडी टीवी के माध्यम से अयोध्या के आयोजन का सीधा प्रसारण भक्तों को दिखाया गया। शहर के शीतला मंदिर परिसर में भव्य मंच एवं पंडाल लगाया गया था, जहां क्षेत्र के लोग इस आयोजन को श्रद्धा भक्ति के साथ देखकर श्रीराम भक्ति में लीन रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपने-अपने घरों में विधि-विधान से भगवान श्रीराम लला की पूजा-अर्चना की एवं घर में बनाए गए पकवान का भोग लगाया।



### प्रसादी भंडारा के कई आयोजन

शहर के मानव मंदिर चौक, ब्राम्हणपारा, गंज लाइन, दीवानपारा, बांसपाई पारा, दुर्गा चौक, सिनेमा लाइन, कामठी लाइन, रामाधीन मार्ग, गुडाखू लाइन, गोल बाजार, जूनीहटरी, शंकरपुर, स्टेशनपारा, तुलसीपुर, मोतीपुर, लखोली, सर्विस लेन, महावीर चौक सहित अन्य स्थानों पर भंडारा एवं प्रसादी वितरण करने का सिलसिला दोपहर भर जारी रहा। यहां डीजे साउंड सिस्टम में जहां श्रीराम भक्ति गीत प्रसारित होते रहे। वहीं कई भजन-कीर्तन में जुटे रहे।



### जंगलेसर मंडई 29 को

**राजनांदगांव।** ग्राम जंगलेसर में 29 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है एवं रात्रि में मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम धरती के सिंगार-भोथीपार कला का आयोजन रखा गया है। युवा मंडल एवं ग्रामवासी जंगलेसर ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।

### जंगलेसर में 26 से श्रीमद भागवत यज्ञ

**राजनांदगांव।** गम जंगलेसर में 26 जनवरी से 3 फरवरी तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक राजेश शर्मा रंनचिरई (जामगांव) जिला बालोद होंगे। आयोजन समस्त महिला समूह ग्राम जंगलेसर द्वारा किया जा रहा है।


बरडिया ज्वेलर्स प्रा.लि.

राजनांदगांव

☎ 07744-407161

कुंदन, जड़ाऊ



ज्वेलरी

पार्किंग सुविधा उपलब्ध है

Rahul Travels

राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।



राहुल ट्रैवेल्स

(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)

रायपुर एयरपोर्ट (छग)

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -

विनोद पिंजानी 7693055301

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 8,500/-

बिलासपुर, रायपुर से होकर

स्पेशल ट्रेन

12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक

द्वारकाधीश धाम यात्रा

श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी

ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road

संपर्क करें:-73544-11411

NABH

कैथलैब एवं कार्डियोलॉजी

एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टि हेतु अत्याधुनिक डिजिटल कैथलैब की सुविधा

Dr. K.S. Bhatia

मित्तल भिलाई हॉस्पिटल



आपातकालीन सुविधा सदैव उपलब्ध

जुनवानी रोड, सुर्या टी.आई. मॉल के पास, भिलाई

0788 2294440, 90392 38971, 77228 80844

Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप

### टटेंगा मड़ई 26 को

**जेवरतला रोड।** ग्राम टटेंगा में आगामी 26 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए मां अम्बे की खोज छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी हज्जू टोला का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी गोरे लाल उर्वशा, धर्मेन्द्र सुधाकर ने दी।

### भंडारपुर मंडई 23 को

**डोंगरगढ़।** भंडारपुर में 23 जनवरी को मंडई रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी तिलईरवार का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### शिक्षा के विकास पर जोर



**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज पचगईया संगठन चारभांठा-कुल्हाड़ी ने श्रद्धा के साथ गुहाराज निषाद जयंती मनाया। मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू ने समाज की मांग पर चारभांठा (कु.) में निषाद सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख एवं गली क्राकीटीकरण की स्वीकृति की घोषणा की। समाज के मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि जंयती समारोह का शुभारंभ भगवान श्री राम एवं भक्त गुहाराज निषाद की पूजा अर्चना कर किया गया। इस मौके पर पिलेन्द्र शरण जय गुरुदेव समकीर्तन मानस परिवार फिंगेश्वरी का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि विधायक साहू ने कहा कि जंयती के माध्यम से समाज संगठित होता हैं । गुहराज निषाद बड़े सौभाग्यशाली है जिन्हे भगवान राम को गंगा पार कराने का मौका मिला था। निषाद जी ने निःस्वार्थ भक्ति से भगवान की कृपा प्राप्त कर पूरे निषाद वंश की नैय्या पार करा दी। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद ने कहा कि शिक्षा के विकास और कुरीतियों को दूर करने से ही बदलाव आ सकता है। इस मौके पर जिपं सदस्य कांति भंडारी, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, मछुआ कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष छगन लाल निषाद, नरेश शुक्ला, सरपंच हेमा नेताम, यादव भंडारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में लालचंद साहू, देव पन्द्रो, ओमप्रकाश पड़ौती, राम साहू, शरद चन्द्र, गौतरिया निषाद, दिनेश शाबला, पुरुषोत्तम निषाद, घनश्याम निषाद, सुरेन्द्र निषाद, शत्रु निषाद, पंचराम, कुमार साय, रेखाराम, अर्जुन निषाद, प्रताप निषाद, पुरुषोत्तम, सुरेन्द्र निषाद, बेदराम निषाद, घनश्याम निषाद, भुखऊ निषाद, देवशरण निषाद, हिंसाराम निषाद, श्याम लाल उपस्थित थे।

### 30 को युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**राजनांदगांव।** जिला कोसरिया यादव महासभा राजनांदगांव द्वारा संस्कारधानी के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम गौरव पथ में 30 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम जिला यादव महाधिवेशन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामूहिक आदर्श विवाह एवं यादव गौरव प्रतिभा सम्मान का भव्य आयोजन को अंतिम रूप दे दिया गया है। युवक-युवती परिचय में विधवा-विधुर तथा परित्यक्ता को भी शामिल किया गया है। इसी प्रकार यादव गौरव सम्मान में शिक्षा के क्षेत्र में वर्ष 2022-23 में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण 10वीं, 12वीं के विद्यार्थी, हस्तकला, सांस्कृतिक कला, लेखन, खेलकूद को शामिल किया गया है। उक्त जानकारी तोरणलाल यादव ने दी।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन 11 को


**राजनांदगांव।** जिला सतनामी सेवा समिति पं.क्र. 5041 जीई रोड राजनांदगांव के तत्वावधान में आगामी माह 11 फरवरी को राजनांदगांव जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष सूर्य कुमार खिलारी व समिति के प्रबंधक पीआर देशलहरा ने बताया कि यह आयोजन समाज के विवाह योग्य युवक-युवती के लिए सतनाम भवन जीई रोड में 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने समाज के युवक-युवतियों से आग्रह किया कि इस परिचय सम्मेलन भाग लेने पंजीयन करवाएं। परिचय सम्मेलन की प्रवेश शुल्क 300 रुपए होगी एवं दो पासपोर्ट साईज की फोटो लाना अनिवार्य होगा। यह जानकारी तामेश्वर बंजारे ने दी।

## शहर और गांव में दिवाली सा माहौल, चहूंओर गूंजा राम का जयकारा

# अपने धाम पहुंचे प्रभु राम, अंचल में बिखरी खुशियां







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



मां बम्लेश्वरी की धर्मनगरी डोंगरगढ़ में आज दीवाली के तर्ज पर अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक आयोजन में भाग लेकर विभिन्न धार्मिक आयोजन, पूजा पाठ, अनुष्ठान, रामायण पाठ, हनुमान चालीसा के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं विश्व हिन्दू परिषद राष्ट्रीय सर्वसंध संचालक का लाइव कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराकर लोगो को इस महापर्व को मनाया

डोंगरगढ़ के 24 वार्डो के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सभी राम मंदिरो के अलावा मां बम्लेश्वरी मंदिर व कई देवी व अन्य मंदिरों में भी भक्तों का ताता लगा रहा। विधिवत स्थानीय राम मंदिर में हवन का आयोजन भी हुआ। शहर के चौक चौराहे में धार्मिक आयोजन के साथ अन्नकूट एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा अयोध्या में चल रहे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम का लाइव आयोजन किया गया। हनुमान महावीर मंदिर में भी लाइव कार्यक्रम के साथ-साथ भंडारे का आयोजन हुआ। स्थानीय हनुमान मंदिर में राम दरबार में रामलक्ष्मण और हनुमान जानकी की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। आंध्रा समाज राम मंदिर, जयस्तंभ राम मंदिर, थाना परिसर हनुमान मंदिर, पिपलेश्वर महादेव मंदिर, बस स्टेण्ड सांई मंदिर, इंदिरा नगर शीलता शारदा मंदिर, टिकरापारा शिवराम मंदिर में अनुष्ठान पूजा व भंडारे का आयोजन किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं धार्मिक संस्था के अलावा अनेक सामाजिक लोगो ने विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर भारत के इस नये अध्याय के धार्मिक आयोजन की बधाई दी।

उक्त कार्यक्रम मे पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, डोंगरगढ़ के संयोजक हरविंदर एस मंगे, वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, पवन मेश्राम, प्रकाश बिंदल, परविंदर सिंग मोन्टी, बिरेन्द्र सोनी, प्रकाश यादव, नीरज, बलराम वैष्णव, नरेश रामटेके, बबीता मेहता, रिता बोस, शुभम परिहार, ऋषभ डकहा, अयश खांडेकर, मनीष सोनी, महेन्द्र परिहार, पीताम्बर स्वामी, बबलू शांडिल्य, संजय अग्रवाल, राजेश गजभिये सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## भोर होते ही शहर में गूंजा जय श्रीराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पांच सदी के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर नगर में विविध धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन किए गए। इसे लेकर दिन भर शहर में जश्न का माहौल देखा गया। शाम को लोगों ने मंदिरों और घरों दीप प्रज्जवलित करीब ढ़ाई माह के अंतराल में दूसरी बार दिवाली मनाया।

शहर में मुख्य आयोजन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में किया गया। मंदिर परिसर से सुबह भक्तिभाव के साथ शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा सदर लाईन, फव्वारा चौक, मुख्य मार्ग से पुराने बस स्टैंड होते हुए वापस हनुमान मंदिर पहुंची। भ्रमण के दौरान जैन मंदिर के सामने जैन समाज के लोगों ने रामभक्तों का स्वागत किया। इसी प्रकार शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का यहां लाईव प्रसारण किया गया। प्राण प्रतिष्ठा होते ही मौजूद लोगों ने भगवान श्री राम की महाआरती किया। इस दौरान जयश्री राम का जयकारा गूंजता रहा।

छप्पन भोग का लगाया भोग

हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्त उमड़ना शुरू हो गए थे। लोगों ने पूजा अर्चना कर अपनी आस्था प्रगट किया। मंदिर परिसर में गांधी परिवार द्वारा भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। इस मौके पर नारायणदास गांधी, केके वैष्णव, सत्यनारायण गांधी, अनिल टावरी, अरूण जैन, दिनेश गांधी, रामकुमार गुप्ता, अंजू त्रिपाठी, योगेश पटेल, संतोष यादव, नवनीत अहीर, मनोज हेमनानी, धीरज सोनी, राजेन्द्र शर्मा, गुलशन हिरवानी, दिनेश नखत, संतोष कागदेलवार, सुरेश गुप्ता आदि सैकड़ों की संख्या में मौजूद थे। इसी प्रकार दुर्गा मंदिर, बगुलामुखी बम्लेश्वरी मंदिर, बाजार चौक स्थित हनुमान मंदिर, गायत्री मंदिर, चंडी मंदिर, मटिया, करियाटोला के मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाकर विविध आयोजन किए गए। शहर के विभिन्न स्थानों पर अलग अलग समाज और संस्थाओं के लोगों ने प्रसादी वितरण किया।



### केनवास पर राम

दिगंबर जैन समाज की दो बेटियों ने इतिहास के स्वर्णिम और यादगार पल को अपनी कल्पना से रंग देने का प्रयास किया। दृष्टि जैन, सृष्टि जैन मुनमुन ने 32 फुट के केनवास पर रंगोली से अयोध्या के नवनिर्मित भव्य राम मंदिर के अलावा राम, सीता और लक्ष्मण को करीब छह किलो रंगोली का उपयोग करते हुए लगभग 8 घंटे में तैयार किया। दोनों बेटियों की कल्पना और प्रयास की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना करते हुए शाबाशी दी।

## आरू साहू के गूंजे सुरीले स्वर



धर्मनगरी डोंगरगढ़ में छत्तीसगढी धार्मिक संस्कृति आयोजन के तहत 21 जनवरी की रात हनुमान भक्त समिति के तत्वाधान में ओजस्वी गायिका आरू साहू एवं मधुर बांसुरी वादक गोपी देवांगन ने अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरकर श्रोताओं को मन मोह लिया। हाईस्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ो हनुमान भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस कार्यक्रम के साक्षी बने। कार्यक्रम की शुरूआत जिले के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, स्थानीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, संघसेवक तुलसीदास, कोमल सिंह राजपूत, ने भगवान राम की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उपस्थित अतिथियों के सम्मान के साथ समिति के लोगों ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर श्रीराम गमछा से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिषेक सिंह ने सभी को 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए उपस्थित जनों को श्रीराम के जयघोष से संबोधित किया। उन्होने बताया कि कई वर्षो की तपस्या को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो एक साकार रूप दिया है वह पूरे देश में ऐतिहासिक क्षण के रूप में सदैव जाना जायेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, किरण साहू, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, कुलवंत कक्कड़, प्रिंस कक्कड़, महेन्द्र अग्रवाल, ज्योति बडवाईक, अचला सिंह, सत्यप्रकाश मिश्रा, अमित जैन, परविंदर सिंग मोन्टी, हनि गुप्ता, शिशुपाल भारती, रामकृष्ण कन्नौजिया, रामजी तराने, अमित छाबड़ा, गिरिश साहू, अमन जनबंधू, रामकुमार डंडेसना, मयंक डोंगरे, सुमित मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## साल्हेवारा में निकाली शोभायात्रा



**साल्हेवारा।** श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम के श्री राम मंदिर एवं कमल अग्रवाल मैदान में पूजा पाठ व आरती का आयोजन किया गया। इसके पहले सुबह धूमधाम से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाला गया। इस दौरान में होली दीपावली जैसा माहौल रहा।

## राम की भक्ति में झूमे भक्त

**छईखदान।** अयोध्या में भगवान श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरा नगर राममय हो गया। दिनभर लोगों की आवाजाही रही। प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर नगर व क्षेत्र के लोग भगवान राम की भक्ति मे लीन दिखे। नगरवासियों ने सुबह 6 बजे भजनो के साथ प्रभातफेरी निकालकर नगर भ्रमण किया।

रामलला के आगमन को लेकर युवाओं ने 24 घंटे पहले ही जयस्तंभ चौक से बाजार लाइन, कंडरा पारा, जमात पारा, जमुना चौक, राम मंदिर तक जमकर जश्न मनाया। छोटे बच्चे भगवान राम के भेष में घूमते दिखे। नगर के वार्ड 3 स्थित 280 साल पुराने राम मंदिर के साथ नगर के अन्य मंदिरों, दुकानों में सजावट किया गया। इस दौरान पूजा एवं भंडारा का आयोजन किया गया। राम दरबार मंदिर के सेवादार पं. मनोज चौबे ने भगवान राम लला की पूजा अर्चना किया। ज्ञात हो कि यह मंदिर 280 साल पुराना है जिसकी देखरेख आठ नौ दशक से स्वतंत्रता सेनानी स्व. बाबूलाल चौबे का परिवार कर रहा है।

श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शाम को लगभग दो दर्जन डीजे के साथ प्रभु की झांकी निकाला। झांकी के साथ युवा झूमते नाचते नजर आए। इस दौरान लोगों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। आयोजन में दुर्गा मानस मंडली, बजरंग मानस मंडल, खैरागढ क संगतकरो, मानस मंडल मैन्हर, जय जगन्नाथ सेवा समिति, प्रेरणा, योग समिति, श्री राम गौ सेवा समिति, नगर पंचायत आदि सहभागिता रही। नगर पंचायत छुईखदान ने मां काली मंदिर के पास स्थित भगवान राम के मंदिर में भजन का आयोजन किया जिसमे विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, नपं अध्यक्ष पार्तिका संजय महोबिया, छोटे राजा देवराज किशोर दास, संजीव दुबे, आदित्य देव वैष्णव, अरविंद शर्मा, अशोक चंद्राकर, कमलेश यादव, अजय श्रीवास्तव, डॉ भद्र, भारत कुंभकार, प्रेम श्रीवास, रज्जु महोबिया, पीयूष तम्बोली, सोहन पाल सहित अन्य उपस्थित थे।



## शोभायात्रा में दिखा राम भक्तों का उत्साह



**गंडई पंडरिया।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरा नगर राम मय रहा। शोभायात्रा में राम भक्त स्वस्फूर्त शामिल हुए। सर्वप्रथम माँ गंगई मंदिर में पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा भजनों का रस बिखेरते नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। अंत में पंडरिया स्थित राम मंदिर में शोभायात्रा का समापन हुआ। अप्रत्याशित भीड़ के बीच राम मंदिर में महाआरती किया गया। मंदिर के बाहर राजपूत परिवार द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इसी प्रकार शहर के विभिन्न स्थानों पर भंडारे के आयोजन किया गया।

### दन्तेश्वरी मंदिर में महाआरती



**छुरिया।** श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर स्थानीय मां दन्तेश्वरी मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ देखी गई। शहर के मंदिरों सुबह से वैदिक मंत्र की गूंज और राम भक्तों की भीड़ देखी गई। हनुमान मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। दन्तेश्वरी मंदिर परिसर में रामायण मंडली ने रामचरित मानस की सुमधुर प्रस्तुती दिया। जनपद पंचायत द्वार आयेजित मानस गायन में जिपं अध्यक्ष गीता घासी साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, एमडी ठाकुर, अजय पटेल, संजय सिन्हा, राधेश्याम शर्मा, गुरुप्रीत भाटिया, योगेश्वर पटेल, सीमा सिन्हा, द्रोपदी मंडावी, स्वप्निल पटेल, शिव चन्द्रवंशी, सोनू सेन, शिव चन्द्रवंशी, तहसीलदार विजय कोठरी, सीएमओ सचिन गुप्ता, सीईओ एसके ओझा, थानेदार शिव चन्द्रा, प्रकाश साहू, सुनील लारोकर, भुखन पाल, अंकित अग्रवाल, वैभव गुप्ता, पार्थ शर्मा, आयुष पटेल आदि उपस्थित थे।

### गांव में उत्सव

**घुमका।** अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गांव में उत्सव मनाया इस गया। मंदिर और घरों में दीप जलाकर आतिशबाजी की गई। युवाओं ने डीजे एवं धुमाल के साथ युवा वर्ग झूमते थिरकते उत्सव मनाया। हिंदू रक्षा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्रसिंह, बजरंग दल के संरक्षक दिलीप पटेल, मनीष वर्मा, नितेश सेन, गुरुदेव तेजेंद्र वर्मा आदि ने घुमका, सलोनी हरडुवा पटेवा आदि गांव में रामधुनी के साथ शोभायात्रा का आयोजन किया। ग्राम के महाराणा प्रताप चौक से शोभा यात्रा निकाला गया जो शीतला मंदिर तक गई।

## गूंजे मानस के स्वर



**डोंगरगढ़।** श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्राम पंचायत धुसेरा में सप्ताह भर से लगातार विभिन्न आयोजन किए गए। गांव के युवाओं ने घर-घर पहुंचकर श्री राम जी का आमंत्रण और कलश भेंट किया।

गांव में कलश यात्रा निकाली गई जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 21 और 22 जनवरी को मानस सम्मेलन रखा गया जिसमें गांव में भक्तिमय माहौल देखने मिला। कार्यक्रम के पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, सरपंच पीतांबर सिन्हा, श्री राम भक्त युवा समिति के कौशल सेन, शैलेंद्र सिन्हा, नरेंद्र मानिकपुरी, श्रवण बैगा, यश साहू।

राजेश साहू, उदयराम सिन्हा, कादर खान, रउफ़ खान, चंद्रशेखर पटेल, राजेश ध्रुव, राशिद खान, गुलाल सिन्हा, स्वर्ण मंडावी, जगन्नाथ मंडावी, पवनदास साहू, हरिश्चंद्र निषाद, हीरामन बंजारे, संगीता वैष्णव, बैसाखीन, फुलेश्वरी, दिलेश्वरी, उर्मिला यादव, जमुना कंवर आदि मौजूद थे।

## सुबह निकाली शोभायात्रा, फिर हुई राम की पूजा



**सड़क अतरिया।** अयोध्या के राम मंदिर में राम लल्ला की स्थापना को लेकर ग्रामीण अंचल में उल्लास देखा गया। पूरा क्षेत्र भगवा रंग में रंगा नजर आया। सुबह से शाम तक ग्रामीण श्रीराम की भक्ति में लीन दिखे। दिन भर धार्मिक आयोजनों का दौर चला। गांव में सुबह शोभायात्रा निकाला गया। दोपहर को हवन पुजन करने के बाद शम को प्रसादी वितरण किया गया। गांव के श्रीराम जानकी, हनुमान, नर्मदा मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर को आकर्षक लाईटिंग तथा भगवा तोरण पताका से सजाया गया था। सड़क अतरिया, खैरा नर्मदा, चकनार, कुकुरमुड़ा, संड़ी, जीराटोला, मानपुर, गुमानपुर, खैरबना आदि गांव में सुबह गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाला गया था। सड़क अतरिया में महिला बालिकाओं ने 501 कलश के साथ शोभायात्रा निकाला। दोपहर राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। शाम को प्रसादी वितरण एवं रामायण पाठ किया गया।

### क्विज स्पर्धा में दीपेश प्रथम

**जेवरतला रोड।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता में संकुल केन्द्र पिनकापार के छात्र दीपेश कुमार ने संकुल स्तर में प्रथम एवं ब्लाक स्तर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक पूर्व माध्यमिक पिनकापार के प्रधानपाठक धनसिंह कौमार्य, कन्या शाला के प्रधानपाठक श्याम किरण लुन्हारे, शत्रुहन लाल सोनकर, विमला बोरकर, दुर्गेश सोनकर, पूजा सोनकर, अनिल कुंवर सेवता, तोमेश्वरी साहू, नितेश लोन्हारे एवं संकुल समन्वयक रोशन लाल साहू ने उन्हे बधाई दी है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## सार समाचार

### उत्तम पुनः संघ के अध्यक्ष निर्वाचित



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के उत्तम कुमार फंदयाल पुनः जिला शाखा राजनांदगांव के अध्यक्ष पर निर्वाचित हुए। 21 जनवरी को जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव में जिला शाखा अध्यक्ष के पद पर निर्वाचन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी बीके ठाकुर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी एआर खान द्वारा पूर्ण कराया गया। कुल 59 मत डाले गए। जिसमें उत्तम कुमार फंदयाल को 35 एवं महेश कुमार साहू को 23 वोट मिले। जिले के सभी सम्मानीय सदस्यों ने उत्तम कुमार फंदयाल को बधाई देते कहा कि संघ के प्रति समर्पण, जुझारुपन, नवाचार के प्रणेता, अपने लोकप्रिय व्यक्तित्व एवं सहयोगी स्वभाव के कारण प्रचंड बहुमत से विजयी हुए।

### तुमड़ीबोड में आज कवि सम्मेलन

**राजनांदगांव।** तुमड़ीबोड में भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कल 23 जनवरी को रात्रि 7 बजे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहित पटेल ने बताया कि इस आयोजन में देश की जानी-मानी शीर्षस्थ कवि भाग लेंगे। जिसमें राष्ट्रवादी कवि ओमपाल निडर उत्तरप्रदेश, अकबर ताज खंडवा मध्यप्रदेश, माधुरी किरण बालाघाट, मीर अली मीर रायपुर, वीरेन्द्र तिवारी, गुनिराम वर्मा बादल प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकेश जैन व अध्यक्षता सुरेश जैन करेंगे। आयोजन समिति ने कवि प्रेमियों से इस कार्यक्रम में उपस्थित की अपील किया है। उक्त जानकारी तारस तेलासी ने दी।

### भाजपा ने चलाया सफाई अभियान



**राजनांदगांव।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है। उसी तरह संस्कारधानी राजनांदगांव में भी गजब का उत्साह देखा जा रहा है। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के निर्देशानुसार जिला स्वच्छता संयोजक शिव वर्मा, मंडल संयोजक हकीम खान एवं सहयोगी रघुवीर सिंह वाधवा के नेतृत्व में रविवार को शहर के मानव मंदिर चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, गुरुद्वारा, जामा मस्जिद और रेलवे स्टेशन रोड स्थित चर्च परिसर की साफ-सफाई की गई। इस दौरान शिव वर्मा ने 22 जनवरी को इतिहास का स्वर्णिम दिन बताते कहा कि भाजपा द्वारा 14 जनवरी से लगातार शहर के सभी मंदिरों की साफ-सफाई का अभियान चलाया जा रहा। जिसमें हर वर्ग के लोगों की सहभागिता है। अभियान में जिला स्वच्छता संयोजक शिव वर्मा, मंडल संयोजक हकीम खान, रघुवीर सिंह वाधवा, संतोष निर्मलकर, रमेश सोनवानी, प्रिंस भाटिया, पार्षद सतीश मसीह, राजेश यादव, अरुण दामले, हेमंत शेखर यादव, मसीह समाज के अध्यक्ष डॉ. सुमन लाल, सुनील लाल, आशीष प्रजापति एवं हरीश टांक सहित स्थानीय लोगों की सहभागिता रही। उक्त जानकारी संतोष निर्मलकर ने दी।

### जीवन संघर्षों का दूसरा नामः सोनाली



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की रासेयो ईकाई ने ढारा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हेमूराम पद्मे, नीलम चतुर्वेदानी, एवलाल मेश्राम एवं वासुदेव साहू के उपस्थिति में किया है। शिविर पांचवे दिन बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक प्राध्यापक सोनाली लोया शामिल हुई। श्रीमती लोया ने बताया कि किसी भी परिस्थिति से हारे नही। जीवन संघर्षो का दूसरा नाम है। संघर्ष ही जीवन है। आप जितना संघर्ष करेंगे आपको जीवन में सफलता मिलने के उतने अधिक अवसर मिलेंगे। शिविर में वासुदेव साहू ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विक्की रामटेके, वैशाली लाउत्रे, राजाराम सिन्हा, प्रज्जवल गेडाम, कौशल लीना, मानसी उमाकांत, दीपशिखा, रोशन, वीरेंद्र, मयूरी, निकिता माधुरी आदि शामिल हुए। संचालन उमाकांत ने किया।

### वैश्विक स्तर पर हिन्दी का बढ़ता वर्चस्वः संजीव



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन हिन्दी विभाग अध्यक्ष डॉ. बीएन जागृत के निर्देशन में हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी संजीव सिंघल ने कहा कि हिन्दी भाषा का वर्चस्व वैश्विक स्तर पर निरंतर बढ़ता जा रहा है। विश्व की पांच शक्तिशाली भाषाओं में हिन्दी अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है। इस अवसर पर डॉ. बीएन जागृत ने कहा कि विश्व में पहली बार हिन्दी दिवस मनाने परंपरा 10 जनवरी 2006 ई. से प्रारंभ हुई। इसका उद्देश्य भारतीय भाषा के विषय में जागरूकता उत्पन्न कर विश्वभर में हिन्दी को वैश्विक भाषा के रूप में प्रचारित करना है। कार्यक्रम का संचालन करते डॉ. नीलम तिवारी ने बताया कि हिन्दी को ज्ञान की भाषा बनाना आवश्यक है। इसके लिए अधिकाधिक हिन्दी को व्यवहार में लाना अनिवार्य है। दीक्षा देशपांडे ने कहा कि हिन्दी भाषा में इतनी सहजता है कि वह अन्य भाषा भाषी व्यक्ति को भी सरलता से अपना लेती है। बिन्दु डनसेना ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर विद्यार्थियों ने काव्यपाठ कर हिन्दी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट किया। कार्यक्रम में अमितेश सोनकर, रेशमी साहू, डॉ. गायत्री साहू, रितु यादव एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## निधन



### शचि अग्रहरि

**राजनांदगांव।** स्थानीय कामठी लाइन स्थित बाबा फर्नीचर के संचालक एवं अग्रहरि वैश्य ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती शचि अग्रहरि का आज सुबह निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज शाम उनके निवास स्थान से निकली। लखोली स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### ऐतिहासिक दिन जन्म होने पर माता-पिता ने दिया राम-सीता का नाम

# शुभ घड़ी में दो दर्जन घरों में गूंजी नन्हे 'राम' की किलकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अयोध्या में जिस वक्त मंदिर में प्रभु श्रीराम लला की मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा जारी था, उस शुभ घड़ी के दौरान ही शहर में दो दर्जन परिवारों के घर में भी नन्हें राम ने जन्म लिया। इस ऐतिहासिक दिन जन्म होने से नवजात के पालक भी अत्यंत उत्साहित नजर आए। कई पालकों ने अपने बच्चों का नाम आज ही श्रीराम के नाम पर रख दिया।

उल्लेखनीय है कि राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन के चलते 22 जनवरी का दिन इतिहास के सुनहरे पन्नों में शामिल हो गया है। इस ऐतिहासिक दिन का उत्साह हर तरफ नजर आ रहा है। यही वातावरण जिलों के अस्पतालों में भी देखने को मिला। नर्सिंग होम में 22 जनवरी को प्रसव कराने के लिए पालकों ने विशेष मांग कर रखी थी। हालांकि डॉक्टरों ने स्थिति के अनुसार ही ऑपरेशन से डिलीवरी कराई। मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल से लेकर पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं निजी नर्सिंग होम को मिलाकर करीबन दो दर्जन बच्चों ने सोमवार को जन्म लिया। इनमें लड़कों के साथ ही लड़कियां भी शामिल है। लड़कों के नाम प्रभु राम पर आधारित रखे जाएंगे। जबकि लड़कियों के लिए मां सीता से जुड़े नाम की तलाश होगी।

### ऐतिहासिक दिन का बेसब्री से रहा इंतजार



#### जुड़वा भाई का भी जन्म, राम-लक्ष्मण दिया नाम



मिली जानकारी के अनुसार पेंड्री स्थित जिला अस्पताल में सोमवार के दिन कुल पांच बच्चों ने जन्म लिया। इसी तरह बसंतपुर स्थित जिला अस्पताल में तीन बच्चों ने जन्म लिया। कुमुद मोहबे अस्पताल में सात बच्चें हुए, जिनमें जुड़वा बच्चें भी शामिल थे। इसके साथ ही सभी निजी अस्पतालों में दो दर्जन बच्चों ने जन्म लिया।

## सोसाइटियों में खप रहा बाहर का धान

**डोंगरगढ़।** मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र से अवैध धान लाकर बार्डर क्षेत्र में डम्प कर समितियों में खपाने की जानकारी मिली है। इस खेल को कोचिया, किसानों और जनप्रतिनिधि द्वारा अधिकारियो से तालमेल बैठाकर खेला जा रहा है। लाल बहादुर नगर, चिचोला, चारभाठा, मडियान, कनेरी, बोरतलाव के कई व्यापारी रातो-रात गोदाम में धान का भंडारण कर किसानों की आड़ में लगभग 5 करोड का धान सोसायटियों में खपा चुके है। अभी भी गोदामों में जमा धानों को थोड़ा-थोडा कर खपाया जा रहा है। जिला प्रशासन ने बाहर के धान की आवाजाही को रोकने के निर्देश जारी किए है किन्तु धान खरीदी से जुडे अधिकारियों के संरक्षण में धान खपाने का खेल चल रहा है। बताया जाता है कि धान के अवैध कारोबार में 200 से 300 रूपए कमीशन तय है।

### कर्मियों के भरोसे खरीदी

विकासखंड अंतर्गत लगभग एक दर्जन धान खरीदी केन्द्रो में बिना समिति प्रबंधक के कर्मचारियों के भरोसे धान खरीदी किया जा रहा है। समिति में सीनियर कर्मचारी होने के बाद भी जूनियर कर्मचारियों के माध्यम से खरीदी हो रही है। कई सोसायटी ऐसी भी है जिसमें कम्प्यूटर आपरेटर है तो कही सेल्समेन। सोसायटियों में भूसा खरीदी के नाम से हजारों का फर्जी बिल बनाकर राशि निकाला गया है।

## राम की भक्ति में डूबा वनांचल, जगह-जगह कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला




श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी राममय में लीन हुआ। जिला मुख्यालय के साथ ही सभी विकासखंड मुख्यालय, सभी ग्राम पंचायतों, सभी छोटे-बड़े मंदिरों में रामनाम की गूंज देखने और सुनने को मिला। उत्साह, उमंग और भक्तिमय की धारा इस तरह से बही कि हर किसी को इसमें लीन देखने को मिला।

चारों तरफ खुशियां और उत्साह का मंजर रहा। आस्था और भक्ति का रंग लोगों में चढ़कर बोला। युवा, जवान, महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े हर किसी में खुशी और उत्साह का माहोल रहा। एक ओर जहां लोग नाच-गाकर झूम रहे थे। वहीं दूसरी ओर अपने इष्टदेव की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर एक-दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दे रहे थे। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में चारों तरफ खुशियां और भक्ति का वातावरण से खुशनुमा माहौल निर्मित हुआ।

अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में मानस गायन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में रामायण मानस गायन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके साथ ही तीनों विकासखंडों में विकासखंड स्तरीय मानस गायन महोत्सव का आयोजन किया गया। विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत मेटेपार, मोहला के ग्राम पंचायत ढूटीटोला (गिधाली) एवं मानपुर विकासखंड स्थानीय मानपुर में रामायण मानस गायन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिला एवं विकासखंड स्तरीय रामायण मानस गायन महोत्सव में 5-5 मानस मंडली ने राम भक्तिमय सुर-संगीत की प्रस्तुति दी, जिसे रामभक्तों ने भक्तिमय से लीन होकर सुना। जिला स्तरीय रामायण मानस मंडली कार्यक्रम में कलेक्टर एस. जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह सहित अन्य जिला अधिकारियों ने रामभक्ति का रसपान किया।

### हजारों साल की प्रतीक्षा हुई खत्म

श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा पर ग्राम पंचायत मचांदूर के 70 वर्षीय कार्तिकराम पुरामे ने कहा कि आज अयोध्या में श्रीराम विराजे हैं। उन्होंने कहा कि हजारों साल का सपना आज साकार हुआ है। अनेक साधु-संतों, ऋषि-मुनियों, राम भक्तों का सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि रामभक्ति में डूबने और हमारे आराध्य राम की पूजा करने का शुभ अवसर मिला है। मातृशक्ति सेवा समिति मोहला की अध्यक्ष सावित्री नेताम ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ी खुशहाली मनाने का मौका मिला है। राम के आने से जीवन की सारी समस्या और दुखों से मुक्ति मिलेगी।

## नाबालिग से कुकर्म आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक नाबालिग को बहला-फुसला कर आरोपी ने कुकर्म किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना साल्हेवारा क्षेत्र में 13 जनवरी की दरम्यानी रात्रि में आरोपी ताहमीद खान निवासी झांझ नगर साल्हेवारा, जो गांव-गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाचा कार्यक्रम का स्टेज शो रंग झाझर नाम से संचालित करता है, डांस कराने के बहाने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने घर लाकर शारीरिक शोषण किया। जिसकी रिपोर्ट पर जिला कबीरधाम में अपराध पंजीबद्ध की गई थी। घटनास्थल थाना साल्हेवारा क्षेत्र का होने से विवेचना हेतु डायरी थाना साल्हेवारा को प्राप्त होने पर जिला केसीजी के पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते आरोपी की गिरफ्तारी हेतु तत्काल विशेष टीम गठित कर आरोपी की पता तलाश करने निर्देशित किया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत खांडे के निर्देशन में पुलिस द्वारा आरोपी की पतासाजी की जा रही थी, जो गिरफ्तारी की डर से लुक-छिप रहा था, जिसे 21 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## सरकारी जमीन से खनिज का खनन

**डोंगरगढ़।** शहर में चल रहे अवैध उत्खनन में खनिज विभाग की भूमिका संदिग्ध नजर आ रहीहै। वहीं राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे है। खनिज उत्खनन के साथ ओवरलोड गाड़ियों पर कार्रवाई करते हुए थाने में खडे तो किया जाता है किन्तु बाद में कार्रवाई करने के बजाय राजनीतिक संरक्षण और लेनदेन कर छोड़ दिया जाता है। शहर की शासकीय जमीनों के अलावा नीजि भूमि को खोदकर मुरूम की चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मौके पर जाकर जमीन मालिक की शिकायत के आधार पर वाहनों को जप्त कर थाने में खडे तो किया है किन्तु कुछ ही घंटो बाद बिना कार्यवाही के वाहनों को छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार थाने में पिछले 10 दिनों में कई वाहनों को जप्त कर खडे किया गया लेकिन की गई कार्रवाई की जानकारी नहीं दिया गया। कांग्रेस शासनकाल से शहर में अवैध उत्खनन कर कुछ रसूदखोर लोगों ने शासन को चूना लगाया था। सरकार बदलने के बाद खनिज का कारोबार पहले जैसे ही चल रहा है। लोगों की जमीन से किए जा रहे खनन की शिकायत के बाद भी प्रशासनिक कार्रवाई करने के बजाए उन्हे संरक्षण दिया जा रहा है।

## बलिदान दिवस : प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा शहीद हेमू कालाणी चौक पर एकत्रित होकर शहीद हेमू कालाणी के 81वें बलिदान दिवस पर दीप प्रज्जवलित कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सिंधी समाज के वरिष्ठ आवतराम तेजवानी, ब्रम्हानंद बजाज, घनश्यामदास गंगवानी ने कहा कि अंग्रेजों ने दिल्ली में भारी तबाही मचाने गोले, बारूद से भरी मालगाड़ी रवाना की।

इसकी सूचना मिलते ही वीर हेमू कालाणी ने अपनी हिंद सेना के साथ ट्रेन को लाहौर में रोका। हेमू कालाणी जब मात्र 7 वर्ष के थे, तब वह तिरंगा लेकर अंग्रेजों की बस्ती में अपने दोस्तों के साथ क्रांतिकारी गतिविधियों का नेतृत्व करते थे। 1942 में 19 वर्षीय किशोर क्रांतिकारी ने "अंग्रेजों भारत छोड़ो" नारे के साथ अपनी टोली के साथ सिंध प्रदेश में तहलका मचा दिया था। 1942 में क्रांतिकारी हौसले से भयभीत अंग्रेजी हुकूमत ने हेमू की उम्र कैद को फांसी की सजा में तब्दील कर दिया। फांसी पर झूलना ही बेहतर समझा और मां की चरण वंदना करते कहा "मेरा सपना पूरा हुआ, अब जननी भारत को आजाद होने से कोई नहीं रोक सकता "21 जनवरी 1943 को हेमू कालाणी को फांसी दे दी गई थी। इस अवसर पर वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, आवतराम तेजवानी, ब्रह्मानंद बजाज, गुरमुखदास वाधवा, महासचिव अमर लालवानी, पवन गनसानी, डॉ. करतार सिंह कंजवानी, चंदन रूचंदानी, गोविंद सिंह वाधवानी, मनोहर पंजवानी, विनोद लुल्ला, नंदलाल पंजवानी, नितिन बत्रा, पंकज जेठानी, अशोक तेजवानी, रमेश गिडवानी, दौलत रामचंदानी, प्रकाश वाधवानी, हरीश मोटलानी, अर्जुन गंगवानी, अशोक झमटानी, चंद्रपाल कटियारा, अशोक मोतीरामानी, डॉ. मुरलीधर, ज्ञानचंद लालवानी, मनोहर बजाज, राम मंजर, कौशल शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं भी उपस्थित थी। मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने बताया कि समाज के लोगों ने मोमबत्ती जलाकर वीर शहीद हेमू कलानी को याद किया।

### विद्यालय परिसर में भजन गायक सजल ने दी भक्तिमय प्रस्तुति

# प्राण-प्रतिष्ठा से पहले युगांतर ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




युगांतर पब्लिक स्कूल में अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर को विख्यात भजन गायक सजल बैद ने अपनी भक्तिमयी प्रस्तुतियों से समा बांधा। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इनके भजनों में नाचते-झूमते भाव विभोर हो गए। इसी तारतम्य में विद्यालय में भव्य शोभायात्रा शाम 6.15 को निकली। विद्यालय परिसर को 1500 दीयों से सुसज्जित किया गया। यही नहीं विद्यालय के कला विभाग के शिक्षक अजय चौरसिया व ज्ञानेश पटेल द्वारा आकर्षक पुष्प-सज्जा की गई। साथ ही श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान व शबरी की रंगोली भी बनाई गई। उन्होंने दीयों की सजावट में श्री राम, ॐ, स्वस्तिक की शानदार रूपरेखा बनाई। प्राइमरी विभाग के विद्यार्थी इस कार्यक्रम के भागीदार बने। हवन का कार्यक्रम भी आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने श्रीराम लला को यज्ञ की आहूति प्रदान की।

प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने कहा कि श्रीराम लला का स्वागत करने युगांतर परिवार ने यह आयोजन किया। 500 वर्षों के इंतजार के बाद सभी भारतीयों के लिए यह सुखद अवसर है। युगांतर इसमें शामिल होकर राम राज्य की कल्पना को साकार करने महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विद्यालय प्रबंध समिति के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अखराज कोटड़िया, नरेंद्र कोटड़िया, अजय सिंगी, पीआरओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने देशवासियों को अयोध्या में राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर बधाई संप्रेषित की।

### छात्रों ने भी दी भजनों की प्रस्तुति

इस शुभ अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा राममय भजनों का गायन कर इसे ऐतिहासिक बनाया गया। विद्यार्थियों की ओर से प्रियेश रोय, अक्षरा श्रीवास्तव, राशि जोशी, वर्णिका तिवारी, प्रकृति अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, प्रणव खंडेलवाल द्वारा भजनों का शानदार प्रस्तुतिकरण हुआ। आयोजन में शुरू से अंत तक केतन गुप्ता राम, अरिहंत गुप्ता लक्ष्मण, सक्षम जांगड़े हनुमान की भूमिका में उपस्थित रहे। भजनों को संगीतमय बनाने में विद्यार्थियों की ओर से प्रत्युष गेडाम, शीतल बोहारिया, शिक्षक की ओर से वीएन राय, अक्षय केहरि, गोपी प्रसाद पटेल, विनय नायडू, आकांक्षा चतुर्वेदी, प्रवीण राजन, नम्रता तिवारी, मनोज राय ने अमूल्य योगदान दिया। शोभा यात्रा में बैंड पार्टी का नेतृत्व छात्र भूषण दियेवार, आसिफ हुसैन, उबैद , दीप, रोनित जायसवाल, विहान कुंडलिक, पीयूष कालबांधे ने किया। विद्यालय के मेस प्रभारी खूबचंद जोशी व निभू शर्मा स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की। प्री प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज ओजस्वी यादव, प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा, मीडिल के सेक्शन इंचार्ज सुरेश उपाध्याय, हाईस्कूल सेक्शन इंचार्ज सुषमा प्रताप, हायर सेकंडरी सेक्शन इंचार्ज मदनमोहन कालबांधे ने शामिल होकर आयोजन को सफलता के अंजाम तक पहुंचाया।

## शहर में बिक रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में अवैध शराब का कारोबार थमने के बजाय धडल्ले से संचालित हो रहा है। इस मामले में आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन की कार्रवाई महज दिखावा साबित हो रही है।

महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से शराब लाकर यहां खपाया जा रहा है। पुलिस एवं आबकारी विभाग की टीम ने पिछले दो माह में कई शराब तस्करों को पकड़कर शराब तस्करी पर अंकुश लगाने का प्रयास किया है फिर भी शराब ठेकेदार सांठगांठ कर शराब भेज रहे । शहर की कई होटल, ढाबो में पूर्व की भांति शराब बेचा जा रहा है।

शराब कोचिया 100 रूपए कीमत की शराब को 120 में बेच रहे है।

शहर में शराब की बिक्री बंद तो नही हुई लेकिन कार्रवाई के डर से शराब कोचिया चोरी छिपे लोगों को शराब उपलब्ध करा रहे है।








# अयोध्यापति के प्राण-प्रतिष्ठा पर जिलेभर में मना दीपोत्सव

राजनांदगांव। 500 साल के लंबे इंतजार के बाद सोमवार को अयोध्यापति श्रीराम लला अपने घर विराजे। इस अवसर पर शहर सहित जिलेभर में कई अलग-अलग आयोजन हुए। सोमवार को दिनभर शोभायात्रा एवं भंडारा का आयोजन होते रहे। शाम को घरों के सामने दीये लगाकर राम के अयोध्या लौटने की खुशी में लोगों ने पटाके फोड़कर दीपोत्सव मनाया।






























# अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरा देश मना रहा दीपावली: उपमुख्यमंत्री

# डिप्टी सीएम शर्मा ने मनकुन्ना नदी व नवदुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सोमवार को आयोध्या में प्रभु श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कबीरधाम जिले के विभिन्न ग्रामों में आयोजित रामकथा, अखण्ड रामायण कथा एवं मानस गायन कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ग्राम बारदी, ग्राम सेमो में आयोजित श्रीराम कथा, अखण्ड रामायण कथा एवं मानस गायन तथा ग्राम बैजलपुर के मड़ई मेला में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामवासियों को अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने रामकथा कथा और मड़ई मेला में भगवान राम की पूजा-अर्चनाकर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इसके बाद उपमुख्यमंत्री नें ग्राम आछी के मनकुंन्ना नदी तट के समीप नवदुर्गा मंदिर पहुंचकर विधि-विधान सें पूजा-अर्चनाकर आशीर्वाद प्राप्त। इसके पहले मनकुंन्ना नदी की पूजा-अर्चना की, इस दौरान उन्होंने ग्रामवासी की मांग पर ग्राम बारदी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख एवं शौचालय निर्माण के लिए 3 लाख तथा ग्राम के समग्र विकास के लिए ग्रामवासियों को भरोसा दिलाया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्राम बारदी में आयोजित श्रीराम कथा मे कथा का श्रवण किया। रामकथा में विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा राम के कथाओं का वाचन किया, इस दौरान महावीर मानस मंडली, संत समागम मानस मंडली, मोर तुलसी के बिरवा, शिव मानस मंडली और तुलसी मानस मंडली ने रामकथा की प्रस्तुति दी गई। आयोध्या मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर ग्राम से शहर तक और पूरा देश राममय भक्ति में लीन है। इस दौरान पोखराज परिहार, राम प्रसाद बघेल, जग्गू साहू, उमंग पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, रामभक्त और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।





## अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा पर पूरा भारत राममय हो गया: डिप्टी सीएम

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सोमवार को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा पर पूरा भारत राममय हो गया है। अनेक मंदिरों में सीधा प्रसारण से श्रद्धालु अयोध्या से जुड़े रहे और इसका साक्षी बने है। उन्होंने कहा कि आज प्रभु श्रीराम चंद्र 500 वर्षो बाद अपने घर मे विराजित हो रहे है, आज पूरा देश दीवाली मना रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय जन चेतना के प्रतिमूर्ति है। इस दिन के लिए हमारे पूर्वजों ने प्रतीक्षा की थी। प्रतीक्षा करते-करते कई पीढियां गुजर गई। उन्होंने कहा कि आज हर घर मे दिया जलाकर श्रीराम चंद्र की वापसी का त्यौहार मनाए। प्रभु श्रीराम चंद्र की आगमन के लिए दीपावली की तरह घर-घर दीप जलाकर का स्वागत करें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। हमारे भांचा भगवान राम को उनका दिव्य मंदिर मिला, इस मौके पर छत्तीसगढ़ से कई टन चांवल, सब्जी भेजा गया। आज देश भर में सभी जगह दीप उत्सव भी मनाया जा रहा है। हम सभी को इसमें शामिल होकर इस उत्सव में भागीदारी होकर खुशियां मानना है।

## खबर संक्षेप

### हथमुंड़ी में हर्षोल्लास के साथ निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा व हुआ रामधुनी संकीर्तन



**कुण्डा।** विकासखण्ड पंडरिया कें समीपस्थ ग्राम पंचायत हथमुंडी में भगवान श्रीराम चंद्र के अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामवासियों द्वारा मां महामाया परिषर से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिस पर कुण्डा ग्राम भ्रमण के पश्चात कलश यात्रा को पुनः मां महामाया प्रांगण में रामधुनी संकीर्तन के साथ स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम के मां महामाया समिति आदर्श रामायण मंडली प्रभु कृपा सेवा समिति के साथ ही साथ पंचायत प्रतिनिधि एवं महिला स्व सहायता समूह तथा ग्राम के नवयुवकों ने भागीदारी निभाकर भव्य कलश शोभा यात्रा व रामधुनी संकीर्तन को सफल बनाया। भगवान श्रीराम चंद्र के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर ग्राम के प्रत्येक घरों में भगवा ध्वज लगाया गया एवं भगवान श्रीराम चंद्र के तैलचित्र में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्राम हथमुंडी कें गणमान्य नागरिक व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### भगतपुर में किया गया प्रसाद वितरण



**हरिभूमि कोलेगांव।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर विकासखंड पंडरिया के ग्राम भगतपुर के रामभक्तों द्वारा विधि-विधान से श्री हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चनाकर भगतपुर में महिलाओं व बहनों द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं नगर में मुख्य चौंक-चौराहों से नगर भ्रमण करते हुए श्री हनुमान मंदिरों परिषर पहुंचा। तत्पश्चात ग्रामवासियों द्वारा खीर-पूडी का वितरण किया गया, जिसमें ग्राम भगतपुर राम भक्त सदस्य बलराम चंद्रवंशी, रामफल चंद्रवंशी, रामप्रसाद चंद्रवंशी, ईश्वरी चंद्रवंशी, घनश्याम चंद्रवंशीर दिनेश चंद्रवंशीर राकेश चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, हीरा चंद्रवंशी, उमेद चंद्रवंशी, मिथिलेश चंद्रवंशी, गंगाधर चंद्रवंशी, भुलाऊ चंद्रवंशी, कली चंद्रवंशी, मनोहर चंद्रवंशी, नारद चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

### सीनियर सिटीजन समिति ने आयोजित किया बाल काण्ड का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** भगवान श्रीराम के अयोध्या में भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा द्वारा सियान जतन कलेक्ट्रेट परिसर में ग्राम सरेखा के प्रतिष्ठित मां सरस्वती मानस मंडली द्वारा श्रीराम चरित मानस का छत्तीसगढ़ी में बाल काण्ड का व्याख्या सहित आयोजन किया गया, जिसमें समिति के सदस्य उपस्थित होकर पूरे भक्ति भाव से श्रवण किया। साथ ही साथ संध्या काल को दीपोत्सव का आयोजन किया गया।

### गंधर्व समाज मां सरस्वती मंदिर में विधि-विधान से की पूजा-अर्चना



**हरिभूमि कवर्धा।** मां सरस्वती मंदिर जिलें में गंधर्व समाज द्वारा श्रीराम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा भूमि पूजन के अवसर पर मां सरस्वती मंदिर में सामाजिक गणमान्य नागरिकों द्वारा पूजा-हवन का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूजा हवन के पश्चात समाज के सभी लोगों ने सनातन धर्म के प्रति सद्भावना के साथ सनातन धर्म निभाने का प्रण लिया। इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष सेवकराम गंधर्व, सालिकराम, सीताराम, रामशरण भुवन, शिवप्रसाद गंधर्व, मिथलेश, डकेश्वर, रवि, विनोद, चंद्राकुमार, राजू, परस, पूर्णिमा गंधर्व, चंद्राकुमारी, हेमंत, तोरण, पूनेश्वर, भगेला गंधर्व सहित समाज के लगभग सैकड़ों की संख्या मे गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें। समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा आगामी बसंत पंचमी पर्व 14 फरवरी के बारे में विचार विमर्श किया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

# युवा सेवा संघ कवर्धा के सदस्यों ने भगवान नाम संकीर्तन कर किया प्रसाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

संत आशाराम बापू द्वारा प्रेषित युवा सेवा संघ कवर्धा व सहसपुर लोहारा के सदस्यों द्वारा सोमवार को बासिंगझोरी सहसपुर लोहारा में भगवन्न नाम संकीर्तन यात्रा एवं कवर्धा के हृदय स्थल सिंग्नल चौक में प्रसादी वितरण किया गया था। जिसमें हजारों राम भक्त श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया।

जिस पर समिति द्वारा भगवान श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व ही युवा सेवा संघ कवर्धा द्वारा विगत एक सप्ताह से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किया वहीं रविवार को ग्राम अचानकपुर व हथलेवा में संकीर्तन यात्रा, मातृ-पितृ पूजन, भोरमदेव आश्रम में हवन कार्यक्रम संपन्न किया इसी प्रकार ग्राम उड़िया खुर्द, दनिया में भगवान श्रीराम के आगमन के पूर्व ही भगवान नाम संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। युवा सेवा संघ के मीडिया प्रभारी गुलशन यादव ने बताया कि एक लम्बी प्रतीक्षा की घड़ी समाप्त हुई, लगभग 500 वर्षों का सतत संघर्ष और 4 लाख से अधिक भारतीयों का बलिदान आज श्रीराम मंदिर के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। यूं तो राजनीतिक दासता से हम 1947 में ही मुक्त हो गए थे, पर पराधीनता का एक कलंक भारत वर्ष आज धो रहा है। भारत श्रीराम मंदिर के रूप में अपने स्वाभिमान की पुनः प्रतिष्ठा किया।



## राम्हेपुर कला में गूंजा श्रीरामचंद्र भगवान का जयघोष निकाली गई कलश यात्रा





**हरिभूमि कवर्धा।** सोमवार को ग्राम राम्हेपुर कला मे अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की स्थापना पर ग्राम राम्हेपुर कला में रामोत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। साथ ही साथ भव्य कलश शोभा यात्रा रैली निकली गई। जिस पर डीजे के धून में नगर भ्रमण किया गया। जिससे समुचा अंचल राममय हो गया। ग्राम राम्हेपुर कला में मां महामाया चौंक मे 35 फिट का भगवा ध्वज स्थापित किया गया, शोभा यात्रा में ग्राम के सभी माताओं और बच्चों नें हिस्सा। जिसमे मुख्य रुप ग्राम पुरोहित ऋषि मिश्रा, सरपंच प्रतिनिधि सुखू साहू, मनोज यादव, तीजराम साहू, देवकुमार साहू, संजय साहू, संजू साहू, शंकर साहू, रामसागर पाली, रवि पाली, रघुवीर पाली, रमेश यादव, छोटू पाली, सिद्धराम पाली, लालचंद यादव, सीलन यादव, जोहिन यादव सहित सैंकड़ों की संख्या में ग्रामवासी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

## रामभक्त व ग्रामीणों में दिन भर रहा उत्साह का माहौल

# श्री पंचदेव मंदिर से निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबपुर

जिला मुख्यालय कवर्धा से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सारंगपुर खुर्द में श्रद्धालुओं व भक्तों द्वारा विशाल श्री पंचदेव मंदिर का निर्माण कराया गया है। जिसमें श्रीराम-सीता-लक्ष्मण व हनुमान जी महाराज व पार्वती-शंकर तथा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। जो कि श्री पंचदेव मंदिर जिले में से अपना अलग पहचान है, जहां सोमवार को श्री पचदेव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भव्य कलश शोभा यात्रा बाजे-गाजे कें साथ निकाली गई, जिसमें भगवा झंडा हाथों में लेकर जय श्री राम की जयघोश के साथ नगर भ्रमण किया गया। जिसमें भव्य कलश शोभा यात्रा का ग्रामीणों द्वारा चौंक-चौराहों व गली मोहल्लें में भव्य स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सारंगपुर खुर्द मानो अयोध्या धाम का कार्यक्रम श्रीराम भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा का पूजा-पाठ ग्राम सारंगपुर खुर्द में हो रहा है और सबके मन में श्रीराम बसा हुआ। वहीं पूरे ग्राम भक्तिमय व धार्मिकमय रहा। ग्राम सारंगपुर खुर्द स्थित श्री पंचदेव मंदिर में गूंजा श्रीराम भगवान का संदेश साथ ही सा सुबह से लेकर देर शाम तक रहा श्रद्धालु व भक्तजनों का दर्शन के लिए तांता लगा रहा। इस कार्यक्रम में मंदिर समिति व ग्रामवासी जनों का सराहनीय योगदान रहा।





# कोलेगांव में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में प्रभु श्रीराम के अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर पर पधारने पर सोमवार को कोलेगांव में भव्य शोभा यात्रा रैली निकाली गई। वहीं ग्रामवासियों द्वारा शोभा यात्रा रैली की फुल-माला व पूजा-अर्चनाकर जगह-जगह स्वागत किया गया।

भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर गांव की गली-मोहल्ले व चौंक-चौंराहों को अयोध्या धाम की तरह सजा-सज्जा से सजाया वहीं ग्रामीणों द्वारा अपने-अपने घरों की लिपाई-पोताई कर व रंगोली बनाकर दीपों से सजाया गया। जिस पर शहर सहित ग्राम कोलेगांव में दीपावली की तरह श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। जिस तरह प्रभु श्रीराम 14 वर्ष वनवास काटकर अपने घर पहुंचे थे, आज प्रभु श्रीराम अयोध्या धाम के साथ-साथ घर-घर में प्रभु श्रीराम विराजमान है। वहीं नगर डीजे के धून व जय जय श्री राम की नारा व जयघोश से गुंजायमान रहा।

साथ ही साथ प्रभु श्रीराम के उत्सव में प्रसाद वितरण एवं अखंड सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासी दिनेश पांडेय, सुरेश पांडेय, तोमन शर्मा, नर्मदा शर्मा, ग्राम पटेल राजीव शर्मा, पवन शर्मा, नकुल सिंह चौहान, गुरुनंद गोस्वामी, जोतराम साहू, रिकी साहू, डॉ संतोष साहू, जगदीश साहू सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने निकाली भव्य शोभा यात्रा रैली



**हरिभूमि कुण्डा।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा पर अवसर कुण्डा में शोभा यात्रा रैली निकाली गई। सोमवार को अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीरामचंद्र की मंदिर उद्घाटन व प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर पूरे भारत वर्ष में धार्मिक कार्यकम का आयोजन किया किया गया। इसी कड़ी में कुण्डा वासियों द्वारा प्रभात फेरी व सरस्वती शिशु मंदिर कुण्डा के विद्यार्थियों द्वारा रामस्वरूप साहू के निज निवास पर निर्मित बारह ज्योतिर्लिंग मंदिर से प्रभु श्रीराम परिवार व संकट मोचन के अगवाई में हरि कीर्तन के साथ भव्य शोभा यात्रा रैली का शुभारंभ किया गया जिस पर कुण्डा नगर भ्रमण कर जगह-जगह भव्य स्वागत व पूजा-अर्चना की गई। वहीं कुण्डावासी प्रभात फेरी समिति द्वारा भगवान श्रीराम चंद्र के प्राण-प्रतिष्ठा 500 वर्ष के गुलामी से मुक्ति पाकर आज कुण्डा में प्रभात-फेरी निकालकर एवं भगवान श्रीरामचंद्र की झांकी के द्वारा दीपावली मनाते व झूमते नचाते गाते रामोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिस पर मुख्य रूप से ध्वजराम चंद्राकर व रामस्वरूप साहू के नेतृत्व में सोमवार को कुण्डा में भव्य आयोजन किया गया सभी राम भक्तों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान रामस्वरूप साहू, बाबूलाल साहू, ईश्वरी साहू, सरपंच महेश्वर साहू, गजानंद साहू, ध्वजाराम चंद्राकर, नमेंद चंद्राकर व ग्रामवासी उपस्थित थें।

**रामोत्सव:** शहर, गांव, गली, मोहल्ला हर जगह रही रामोत्सव की धूम, निकाली गई रैली, मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

# राम के स्वागत में पूजा पाठ के साथ घर-घर मनी दीवाली

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अयोध्या के श्री राम मंदिर में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को धर्मनगरी कवर्धा सहित समूचे जिले में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहा।

इस रामोत्सव में जिला प्रशासन सहित विभिन्न हिन्दू संगठनो, मंदिर समितियों तथा दूसरे संगठनो व सनातन धर्मियों के सहयोग से कई धार्मिक आयोजन किए गए। जिसमें लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। रामोत्सव को लेकर 22 जनवरी को सुबह से ही नगर के सभी मंदिरों में पूजा, पाठ, भजन, कीर्तन प्रारंभ हो गया था। वहीं दोपहर में जिस शुभ मुहुर्त में अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम लला की प्राणप्रतिष्ठा की जा रही थी ठीक उसी समय नगर के मंदिरों में भी विधि विधान से पूजा पाठ, आरती की गई और जनघोष के साथ भगवान राम को भोग लगाया गया।

आयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने प्रशासन द्वारा तथा अन्य संगठनो द्वारा कई स्थानो पर एलईडी टीवी की भी व्यवस्था की गई थी, जहां राम भक्तों और श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्री राम मंदिर के गर्भ गृह में किए गए प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का अलौकिक लाइव प्रसारण देखा और प्रभु श्री राम के बाल्यरूप के अलौकिक छवि का दर्शन किए।

जिलेवासी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुबह से ही उत्साहित रहे। मंदिरों-देवालयों में भजन, पूजन, कीर्तन, प्रभात फेरी, कलश यात्रा की धूम रही। जगह-जगह तोरण, पताका, झंडे लगाए गए थे। प्रवेश द्वार सजाए गए थे। छोटे बड़े बच्चे बूढ़े महिला पुरुष सभी वर्ग के श्रद्धालुओं में भगवान श्री राम के प्रति गहरी आस्था, प्रेम और समर्पण भाव देखा गया। कुल मिलाकर इस रामोत्सव में लोगों उत्साह देखते ही बना।







## शाम ढलते ही भगवान के स्वागत में घर-घर जगमगाए दीप, की गई आतिशबाजी

पूरे दिन जहां नगर में पूजा पाठ, भजन कीर्तन, भण्डारा का दौर चला वहीं शाम ढलते ही नगर में भगवान राम के आगमन को लेकर दीपोत्सव शुरू हो गया। लोगों ने भगवान राम के स्वागत में अपने घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानो से लेकर मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किए और आतिशबाजी की। इस अवसर पर के महामाया मंदिर परिसर में जिला पंचायत के पूर्व सभापति मुकेश अग्रवाल के सौजन्य से 21 हजार दीप प्रज्जवलित किए गए। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर दीप प्रज्वलित किए। इसी प्रकार नगर के अन्य मंदिरों में भी बड़ी संख्या में दीप प्रज्जवलित कर भगवान राम के आगमन की खुशियां मनाई। शाम को भी मंदिरों में भगवान की पूजा अर्चना व आरती गई है।

## मंदिरों में दिनभर चले धार्मिक आयोजन

22 जनवरी को रामोत्सव को लेकर नगर सहित अंचल के प्रायः सभी मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई थी। नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर, बुढ़ा महादेव मंदिर, रामजानकी मंदिर, महामाया मंदिर, मां विंध्यवासनी मंदिर, दुर्गा मंदिर, मां काली मंदिर, मां शीतला मंदिर, मां दंतेश्वरी मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर, भोरमदेव मंदिर, पंच देव मंदिर सारंगपुर सहित लगभग सभी मंदिरों में सुबह से ही पूजा पाठ, भगजन कीर्तन, रामनाम जाप, हनुमान चालीसा, सुंदरकाण्ड, राम चरित्र मानस पाठ तथा हवन पूजन का आयोजन किया गया। वहीं ठीक जिस शुभ मुहुर्त में आयोध्या के राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही थी ठीक उसी समय इन मंदिरों में भी पूजा अर्चना कर भगवान राम की मंगल आरती की गई और जयघोष किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस धार्मिक आयोजनो को लेकर नगर के मंदिरो में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही।

## नगर में की गई विशेष साज सज्जा

पांच सौ वर्षो के बाद अपने घर लौटे भगवान रामलला के आगमन की खुशी में कवर्धा नगर के प्रमुख चौक, चौराहों साहित प्रमुख मार्गो में अलग-अलग संगठनो द्वारा मनमोहक साज सज्जा की गई थी। नगर के प्रमुख सिग्रल चौक को झंडा, बैनर, पोस्टर के साथ केसरिया रंग के दुपट्टे से सजाया गया था। इसी तरह सराफा लाईन मार्ग, ऋषभदेव चौक से लेकर गुरूनानक गेट पहुंच मार्ग को विद्युत झालर, केशरिया ध्वज पताखों के साथ ही स्वागत द्वारा से सजाया गया था। इसी प्रकार नगर के विभिन्न मंदिरों में भी मंदिर समितियों द्वारा आकर्षक साज सज्जा की गई थी। मंदिरों के द्वार को फूल मालाओं तथा रंग बिरंगी रंगोली से सजाया गया था। कुल मिलाकर भगवान रामलला के आगमन को लेकर धर्मनगरी में विशेष साजसज्जा की गई थी।

## कई स्थानों में आयोजित किए गए भण्डारा

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर धर्म नगरी कवर्धा सहित समूचे अंचल के कई मंदिरों चौक, चौराहों में विभिन्न समितियों व संगठनो, मण्डलियों द्वारा विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें कई भण्डारों में श्रद्धालुओं को बैठाकर तो कहीं प्रसादी वितरण का भण्डारा कराया गया। इन भण्डारों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान राम की प्रसादी ग्रहण की। भण्डारा भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रसाद के रूप में दिनभर चलता रहा। नगर के एकता चौक में भव्य भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी, हलुआ का वितरण किया गया। इसी प्रकार खेड़ा पति हनुमान मंदिर, रामनगर के शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भण्डारा का आयोजन किया। जिसमें लोगों ने भरपूर सहयोग और अपनी सेवाएं दी।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को दिया गया व्यवसायिक प्रशिक्षण

**स.लोहारा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल सहसपुर लोहारा में व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थी इंटरशिप में भाग ले रहे हैं। इंटरशिप के तहत कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों को प्राचार्य एमएल तुर्केले एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक देव कुमार आईटी के मार्गदर्शन में सौरभ कंप्यूटर सहसपुर लोहारा में प्रशिक्षण दिया गया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थी ट्रेनिंग केंद्र में कम्प्युटर असेंबल करना, हार्डवेयर सॉफ्टवेयर, एचटीएमएल में वेब पेज बनाना, फोटोशॉप आदि के बारे मे जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्य में सौरभ कंप्यूटर के संचालक सौरभ श्रीवास्तव ने अपना योगदान दिया।

# डिप्टी सीएम ने मृतक साधराम के परिवार से की मुलाकात

## पांच लाख रुपए की दी आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज ग्राम लालपुर पहुंचकर मृतक साधराम यादव के शोक संतप्त परिवार से भेटकर अपनी संवेदना प्रकट की। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मृतक के परिवार जनों को 5 लाख रुपए चेक भेंटकर तत्कालिक सहायता प्रदान की।

उपमुख्यमंत्री ने मृतक साधराम के माता श्रीमती सुखबति बाईं यादव, पिता जोधन यादव सहित मृतक की पत्नी और उनके दो बेटी, एक बेटा से भेंट कर घटना के संबंध में बातचीत की। मृतक के परिजनों ने उपमुख्यमंत्री से मृतक परिवार के किसी एक सदस्य को शासकीय नौकरी दिलाने का आग्रह एवं मांग की। उप मुख्यमंत्री ने यादव समाज और मृतक के परिजनों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस प्रकरण में संलिप्त सभी आरोपियो को सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव विशेष रूप से उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मृतक के परिवारजनों से भेंट करने के बाद आसपास और गांव के ग्रामीणों से घटना के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ मृतआत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कैलाश चन्द्रवंशी, राम प्रसाद बघेल, जग्गू साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, योगेश महाजन सहित आसपास और ग्रामवासी बड़ी संख्या में शोक सभा में शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने उप मुख्यमंत्री को घटनाक्रम एवं अब तक की गई कार्यवाही से अवगत कराया।

बताया की इस हत्या प्रकरण में पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपियों को पकड़कर चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल और नाबालिग को बाल सुधार केंद्र भेज दिया गया है। उन्होंने बताया की मौखिक, दस्तावेजी और वैज्ञानिक-तकनीकी साक्ष्य सावधानीपूर्वक एकत्र किए जा रहे है।

घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर विवेचना की जा रही है। उल्लेखनीय है की विगत दिनों ग्राम लालपुर निवासी साधराम यादव जो कवर्धा के गौशाला मे कार्य करता था। 20 दिसंबर की दरमियानी रात्रि मे आरोपियों द्वारा श्री यादव का गला रेत कर कर दिया था।

# क्या आरोपियों के खिलाफ चलेगा बुलडोजर?

- कवर्धा में अब भी किए जा रहे भय, आतंक बनाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे ग्राम लालपुर कला में गत 20 जनवरी की रात पांच लोगों द्वारा मिलकर बेवजह एक बुजुर्ग ग्रामीण की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किए जाने का सनसनी खेज और हृदय विदारक मामला सामने आने के बाद कवर्धा पुलिस ने फौरी कार्यवाही करते हुए हत्याकांण्ड को अंजाम देने वाले पांचों आरोपियों को गिरफ्तार तो कर लिया है लेकिन इस हत्याकाण्ड के बाद बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि प्रदेश के गृह मंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में हुए इस हत्याकाण्ड को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ क्या बुलडोजर चलेगा।

यहां बताना लाजिमि होगा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने कवर्धा के लोगों को ये भरोसा दिलाया था कि कवर्धा को भय, आतंक और अपराधियों से मुक्त कराया जाएगा। कहा ये भी गया था कि जो आपराधिक तत्व बातों से समझ जाएंगे तो ठीक है नहीं तो उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तर्ज पर बोलडोजर की कार्यवाही की जाएगी।

लेकिन लालपुर कला की घटना के सामने आने के बाद ऐसा लगता है कि अभी भी कुछ लोग कवर्धा में भय, आतंक का वातावरण कायम रखना चाहते हैं संभवतः यही वजह है कि एक बुजुर्ग कि बेवजह निर्मम हत्या कर सनसनी फैलाने का प्रयास किया गया।

ऐसे में अब लोगों को भाजपा का वह बुलडोजर याद आ रहा है कि जिसे लेकर भाजपा विधानसभा चुनाव के रण में उतरी थी और लोगों को समय आने पर इसका उपयोग किए जाने का भरोसा दिलाया था।

# टीचर्स एसोसिएशन ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में कलेक्टर के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के संचालक एवं संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के नाम ज्ञापन सौंपकर कॉउंसलिंग में पर्दर्शिता हेतु संभाग में हिन्दी शिक्षक के समस्त रिक्त पदों को प्रदर्शित करने की मांग किया है। कलेक्टर की ओर से डिप्टी कलेक्टर ऋतुराज सिंह बिसेन ने ज्ञापन स्वीकार किया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर के माध्यम से भी इसी आशय का ज्ञापन दिया गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग द्वारा 18 जनवरी 2024 को जारी पत्र के अनुसार एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षक से शिक्षक हिन्दी विषय में पदोन्नति पश्चात पदांकन के लिए आगामी 24 जनवरी को दुर्ग में कॉउंसलिंग का आयोजन किया गया है। कॉउंसलिंग के लिए उपलब्ध कराए गए सूची में जिला व संभाग के कुछ पदों को ही प्रदर्शित किया गया है अर्थात ज्यादातर स्कूलों के रिक्त पदों को नहीं दिखाया गया है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए ज्ञापन में जिला सहित संभाग में शिक्षक हिन्दी के समस्त रिक्त पदों को कॉउंसलिंग के समय प्रदर्शित करने की मांग किया गया है।

## अयोध्या से श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण, हजारों बने साक्षी



**कवर्धा।** आयोध्या में आयोजित प्रभु श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव का सीधा प्रसारण से कवर्धा के मां महामाया मंदिर के प्रांगण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने। कवर्धा सहित जिले के सभी ग्राम श्रीराम नाम की धुन से गुंजित हो उठा। मंदिरों में रामायण मंडली के मानस भजन कीर्तन से कबीरधाम जिला राम भक्तिमय में लीन हो गया। मंदिर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर जिलेवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर में जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, हरीश लूनिया, गणेश तिवारी, सुरेश दुबे, श्रीकांत उपाध्याय, डॉ. आनंद मिश्रा, सनत साहू, रामकुमार ठाकुर, विजय पाली सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं शहर के श्रद्धालु गण बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिले के उत्कृष्टरामायण मंडलियों द्वारा भक्तिमय राम भजन की प्रस्तुति की गई। इस दौरान रामायण मंडलियों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। जिसमें श्रोतागण राम भक्ति में झूमते नजर आए। साथ ही जिले के सभी विकासखंडों के प्रमुख मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां अयोध्या से हुए लाइव प्रसारण को देखा गया तथा स्थानीय रामायण मण्डली द्वारा रामायण की भक्तिमय प्रस्तुति की गई। प्रशासन द्वारा प्रमुख मंदिरों में लाइव प्रसारण देखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई थी। इसी तरह शहर एवं गांव के राम मंदिर समितियों द्वारा भी राम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिर प्रांगणों में आज सुबह से ही साफ-सफाई की गई। इसके अलावा मंदिरों में विशेष रंगोली चित्रित किया गया। मंदिरों में भोज भंडारा, विशेष पूजा अर्चना की गई। शाम को दीपदान और दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम आयोजित कर 21 हजार दीप प्रज्जवलित किए गए।

## रामोत्सव पर वनांचल में निकाली शोभायात्रा



**कोदवागोड़ान।** भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर वनांचल स्थित ग्राम कोदवा गोडान में भी बाजे गाजे के साथ रामधुन करते हुए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। नवधा मंच पर श्रीराम जानकी व हनुमान जी की मूर्ति स्थापना करके तथा स्थानीय राम मंदिर में हवन पूजन पश्चात पूरे गांव में खीर पूड़ी का प्रसाद वितरण भी किया गया। मिली जानकारी के अनुसार अंचल के छीरपानी,झिंगरा डोंगरी, सरईसेत, खैरडोंगरी और मंगली सहित अनेक गांवों में भी आज श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा पर्व को ग्रामीणों ने पूरी श्रद्धा पूर्वक बड़ी धूमधाम से मनाया !इस अवसर पर ग्रामवासी महिला पुरुष और युवाओं में गजब का उत्साह और प्रशन्नता देखी गई।

**नाव में सवार भगवान श्री राम की निकाली शोभायात्रा, समाज में दिखा उत्साह**

# मल्लाह समाज ने नगर में मनाई गुहा निषाद जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मल्लाह समाज द्वारा कवर्धा नगर में परम पूज्य गुहा निषाद जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर समाज के लोगों ने जहां भगवान राम सीता तथा पूज्य गुहा निषाद की विधि विधान से पूजा अर्चना की वहीं नगर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली। उल्लेखनीय है कि नगर में निवासरत मल्लाह समाज द्वारा प्रतिवर्ष परम पूज्य गुहा निषाद की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास से विभिन्न कार्यक्रमों के बीच मनाई जाती है। इस बार भी समाज के लोगों ने जयंती की भव्य तैयारियां कर 22 जनवरी को स्थानीय मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा में भगवान राम एवं माता जानकी की नाव में सजी मनमोहक झांकी शामिल की गई थी। वहीं समाज के युवाओं की टोली डीजे की धुन पर थिरकते चल रही थी। उनके पीछे समाज की महिलाएं व बालिकाएं सिर पर कलश धारण चल रही थी। शोभायात्रा में समाज के लोगों उल्लास देखते ही बन रहा था। मां दंतेश्वरी मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा मिनी माता चौक, ठाकुर पारा, ऋषभदेव चौक, एकता चौक, पेट्रोल पंप चौक, बस स्टैण्ड, मुख्यमंत्री निवास, गुरूनानक गेट, रायपुर नाका होते हुए वापस दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां समाज द्वारा कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## समारोह में शामिल हुए डिप्टी सीएम



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा में आयोजित गुहराज निषाद जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने समाज द्वारा भवन निर्माण की मांग पर हर संभव पूरा करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारी दी।

# दो दिवसीय भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अयोध्या में आयोजित किये जा रहे प्रभु श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव के अवसर पर कवर्धा के पटेल मैदान में दो दिवसीय भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सांसद श्री पाण्डेय ने रामलला प्रतिष्ठा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि यह बहुत ही प्रसंन्नता की बात है कि जिसके लिए हम लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, वह दिन आ गया है। मुझे याद है कि मै कार सेवा में गया था, जहां उस मैदान में पूरे भारत के लाखों राम भक्त पहुंचे थे। वह पल बहुत ही उत्साह और उमंग का था। आज वह समय आ गया है जहां मंदिर का निर्माण हो गया है। आज भगवान राम लला का अयोध्या में भव्यता के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है और हम उसके साक्षी होंगे। हम बहुत ही सौभाग्यशाली है कि हमे इस अवसर को देखने मिलेगा।



अयोध्या में प्रभु श्री रामलला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव' के पूर्व दिवस संध्या से पटेल मैदान में आस्था कला मंच की प्रस्तुति, स्कूली विद्यार्थियों की भक्तिमय मनमोहक कार्यक्रम और भक्ति सागर समूह की भजन संध्या से कवर्धा शहर राममय हो हुआ। प्रभु श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व दिवस कवर्धा में शाम 6 बजे से राम भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कैलाश चंद्रवंशी, अजीत चंद्रवंशी, उमंग पाण्डेय, चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, रामबिलास चंद्रवंशी, मनीराम साहू, आनंद मिश्रा, कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचायत संदीप अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।